Jain College, Jayanagar
II PUC Mock II Paper Jan - 2019
Subject: Hindi (03)

**Duration: 3 hrs&15min** **Max. Marks: 80**

१) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए- 1x6=6

१)कटिया का ढेर देख कर कौन दंग रह गई?
२) गंगा मैया ने सत्य को क्या कहा है ?
३) पिता जी का क्या आग्रह था ?
४) कावेरी नदी का बांध किस नाम से मशहूर है ?
५) माँ क्या गाने लगी?
६) 'शिन्कानसेन' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3x3=9
७) सुजान महतो की सम्पत्ति बढी तो व क्य करने लगा?
८) मन की शक्ति कैसी है ?
९) पिताजी के प्रति लेखिका के क्या विचार थे ?
१०) वेश्वेश्वरैया के बाल्यजीवन के बारे में लिखिए ?
११) भोलाराम का परिचय दीजिए ?

२) अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे- 1x4=4
१२) 'दिनभर एक न एक खुचड निकालते रहते हैं ।'
१३) ' आइ एम रियली प्राउड आफ यू।'
१४) ' सच ? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं ।'
१५) ' महारज , मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी ।'

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए
3x2=6
१६) ' कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है ।'
१७) ' एक बार जब जबान पे चढ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता ।'
१८) ' वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे-धीरे गर्व में बदलता जा रहा था।'
१९) ' यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।"

३) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए- 1x6=6
२०) सम्पत्ति रूपी सलिल के बढने का क्या परिणाम होता है ?
२१) श्रीकृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया है ?
२२) कवियत्री को किसकी चाह नहीं है ?
२३) कवि नरेंद्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है ?
२४) सूखी डाल कैसी है ?
२५) पीडित व्यक्ति को किस प्रकार चलना चाहिए?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए- 3x2=6
२६) अहंकार के संबंध में रहीम के विचार व्यक्त कीजिए?
२७) बादल एवं वसंत ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?
२८) वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए?
२९) हरियाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए- 4x2=8
30) रहिमन कठिन चितान ते, चिंता को चित चेत।
चिता दहाती निर्जीव को , चिंता जीव समेत ॥
अथवा
अति अगाधु, अति औथरौ, नदी,कूप, सरू,बाई।
सो ताको सागरू जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ ||
31)सिर्फ हंगामा खडा करना मेरा मकसद नहीं ,
मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए ॥
अथवा
स्वाभिमान से ऊँचे मस्तक , झुके नहीं , कट सकते हैं ।
युद्धक्षेत्र में, गोरा बादल, कटकर भी डट सकते हैं ॥

४) अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए- 1x5=5
३२) दादा जी का छोटा पोता परेश किस पद पर था ?
३३) व्यक्ति किन गुणों से बडा होता है ?
३४) पुत्र को कौन निर्वासित कर सकता है ?
३५) ग्लानि से भरे हुए भारवि को जाने से क्यों नहीं रोका गया?
३६) श्रीधर पंडित के घर की सेविका का नाम लिखिए?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए- 5x2=10
३७) दादा जी ने परेश को किस तरह मनाया?
अथवा
दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

३८) भारवी अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?
अथवा
ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं ?

५) अ) वाक्य शुद्ध कीजिए- 1x4=4
आप घर कब लौटोगे?
गाँव में किसान लोग मेहनत करता है ।
सभा तो समाप्त हो गया
आप यहाँ मत बैठो

आ) रिक्त स्थान भरिए- 1x4=4
(ने , से, पर , से,)
१)हाथ----- गिलास छूट गया ।
२)माँ------ बेटे को समझाया ।
३)देश------ प्यार करना हमारा कर्तव्य है ।
४)सडक------ लोग जमा हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए-1x3=3
१) रमेश अपना जन्मदिन मना रहा है ( भूतकाल)
२) मीरा आँसू बहाती है ( भविष्य काल )
३) लडकियां फूल चुनेंगी ( वर्तमान काल )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोडकर लिखिए-

1x4=4
१) रंग जमाना - भाग जाना
२) पीठ दिखाना - धाक जमाना
३) नौ दो ग्यारह होना - याचना करना
४) हाथ फैलाना - हार कर भाग जाना

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए - 1x3=3
१) शिष्य २) गुणवान ३) नायक

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- 1x3=3
१) आँखो के सामने होने वाला ।
२) नीचे लिखा हुआ
३) जानने की इच्छा रखने वाला ।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोडकर नये शब्दों का निर्माण
कीजिए-1x2=2
१) डर २) वास

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर के लिखिए- 1x2=2
१) साहित्यिक २) पागलपन

६) अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 5x1=5
१) समाज सेवा
२) ऐतिहासिक स्थान की यात्रा
३) राष्ट्रीय एकता
अथवा
अपने क्षेत्र में बढती आपराधिक घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए पुलीस अधीक्षक को एक पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-1x5=5
आज मानव, मानव से दूर हटता जा रहा है । वह भूलता जा रहा है कि देश, धर्म जाति या वर्ण भिन्न होते हुए भी मानव हैं । हमारी भावनाएं एक हैं । धन, धर्म या सत्ता के मद में एक मानव दूसरे को हेय समझने लगा है। वह भूलता जाता है कि दूसरे मानव में भी स्वाभिमान है । उसे भी अपनी संतान से प्रेम है । वह भी अपने समाज और देश के लिए कुछ करना चाहता है । जिस दिन मानव यह समझ जाएगा कि एक आकाश के नीचे रहने वाले सभी मानव परस्पर भाई-भाई हैं , तभी वह सच्चा मानव कहलाने का अधिकारी होगा ।
१) आज मानव किससे दूर हटता जा रहा है ?
२) मानव क्या भूलता जा रहा है ?
३) किसके मद में मानव दूसरे को हेय समझने लगा है ?
४) मानव को किससे प्रेम है ?
५) सच्चा मानव कहलाने का अधिकारी कौन होगा ?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए-1x5=5

1) Every state has its own state language
2) Students are playing in the playground.
3) We should respect all religion.
4) Student life is the golden life.
5) He was respected by everyone.